कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं प्रशा./ 1025/हिंदी कक्ष / पत्रिका /13 वां अंक — दिनांक - 22.02.2016

सेवा में ,

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग /
सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : मुख्य कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'लेखा भारती ' के 13 वें अंक का प्रकाशनः रचनाओं का प्रेषण ।

उपर्युक्त विषय में सूचनीय है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म.क) लखनऊ की गृह पत्रिका लेखा भारती के 13 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है ।

चूँकि पत्रिका के प्रकाशन से राजभाषा के प्रचार- प्रसार के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनाधर्मिता प्रस्फुटित होती है एवं उनकी सृजनशीलता को अभिव्यक्ति मिलती है । अत: कार्यालय / अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रचनाएँ भेजने हेतु प्रोत्साहित करें एवं इस पत्रिका के प्रकाशन में सहायोग प्रदान करें ।

पत्रिका में प्रकाशन हेतु रचनाएँ भेजने के लिए अनुरोध है किः

1.रचनाएँ फुल स्केप कागज पर एक ओर टाइप होनी चाहिए । रचना के साथ ही रचनाकार / लेखक का पासपोर्ट साइज़ का कलर फोटोग्राफ़ भी प्रेषित किया जाना है ।

2.इसके साथ ही लेखक का यह प्रमाण पत्र होना चाहिए कि यह उसकी मौलिक रचना है तथा यह कहीं से प्रकाशित नहीं हुई है ।

3.पत्रिका प्रकाशन में धन एवं श्रम के अपव्यय को रोकने के लिए यह भी अनुरोध किया जाता है कि रचानाओं को MS-word में टाइप करवाकर इसकी साफ्ट कापी pcdacclkohindicell@gmail.com पर प्रेषित करें ।

यद्यपि विभागीय रचनाओं को प्राथमिकता दी जाती है तथापि पत्रिका में प्रकाशन योग्य सामग्री का चयन इस हेतु गठित समिति द्वारा किया जायेगा ।

व.लेखाधिकारी(हिन्दी)

प्रतिलिपि

स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संगठन की बेबसाइट पर लोड करने हेतु

व.लेखाधिकारी(हिन्दी)